**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: Need to stop sealing drive in Delhi - Laid.

**डॉ. उदित राज (उत्तर-पश्चिम दिल्ली):** वर्तमान में मॉनीटरिंग कमेटी के माध्यम से दिल्ली में संपत्तियों को सील करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तर-पश्चिम दिल्ली में 25 हजार से अधिक फैक्ट्रियाँ हैं, अतः पूरे दिल्ली में सबसे ज्यादा शिकार मेरे क्षेत्र के लोग हैं। चाहे प्रदूषण करने वाले प्रतिष्ठान हों या न हों, सबको सील किया जा रहा है। अनधिकृत निर्माण की भी सीलिंग हो रही है। सीलिंग कर रहे तमाम अधिकारियों के द्वारा कथित उगाही की शिकायतें संज्ञान में आ रही हैं।

मैं गृह मंत्री महोदय से माँग करता हूँ कि अतिशीघ्र सीलिंग से निजात दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाये जायें।